# आपूर्तिकर्ता स्पीक अप नीति

## उद्देश्य

Woolworths Group में हमारे आपूर्तिकर्ता हमारी सबसे बड़ी प्राथमिकता हैं। इसलिए हम एक ऐसा मददगार माहौल तैयार करने की लगातार कोशिश करते हैं जो यह सुनिश्चित करे कि सब लोग खुद को महत्वपूर्ण और सम्मानित महसूस कर सकें और सभी के पास तरक्की करने के अवसर हों। इसके एक भाग के रूप में हमारे मुख्य नीति मूल्यों में से एक मूल्य यह है कि हम हमेशा सही चीज़ करते हैं - हर वक्त सत्यनिष्ठा, ईमानदारी और भरोसे के साथ काम करके। अगर आप कोई ऐसी चीज़ देखें या अनुभव करें जो सही नहीं है, तो यह ज़रूरी है कि आप अपनी आवाज़ उठाएँ।

हम आपको अपने खरीदार या श्रेणी प्रबंधक के साथ समस्याओं के बारे में अपनी आवाज़ उठाने के लिए प्रोत्साहित करते हैं।हालाँकि हम यह भी समझते हैं कि आपको हमेशा इस तरीके से मुद्दों के बारे में बात करना शायद पसंद नहीं है और इसके कारणों में निम्नलिखित शामिल हैं:

- आपको लगता है कि मुद्दा उठाने से बुरे नतीजे हो सकते हैं;
- आपको लगता है कि अगर आपने उन माध्यमों से मुद्दा उठाया, तो हो सकता है कि इसे निष्पक्ष रूप से न निपटाया जाए; या
- यह मुद्दा पहले ही उन माध्यमों से उठाया जा चुका है, लेकिन आपको लगता है कि उस पर सही तरीके से ध्यान नहीं दिया गया है।

हमारी आपूर्तिकर्ता Speak Up सेवा एक स्वतंत्र माध्यम (Woolworths Group के बाहर) उपलब्ध कराती है, जिसके द्वारा आप गोपनीय रूप से नीचे सूचीबद्ध मुद्दे उठा सकते/सकती हैं।

## आपूर्तिकर्ता Speak Up का इस्तेमाल कौन कर सकता है?

हमारी आपूर्तिकर्ता Speak Up सेवा ऐसे सभी आपूर्तिकर्ताओं, ठेकेदारों[1], या परामर्शदाताओं और उनके रिश्तेदारों और आश्रितों के लिए उपलब्ध है, जो ऑस्ट्रेलिया या विदेशों में Woolworths Group को माल या सेवाएँ उपलब्ध कराते हैं। इस नीति में इस समूह को 'आप' कहकर संबोधित किया गया है।

## आप किस काम के लिए आपूर्तिकर्ता Speak Up का इस्तेमाल कर सकते/सकती हैं?

आप आपूर्तिकर्ता Speak Up सेवा का इस्तेमाल ऐसे गंभीर मुद्दों को उठाने के लिए कर सकते/सकती हैं, जिन्हें सामान्य आंतरिक माध्यमों से उठाने में आपको झिझक होती है और ऐसी समस्याओं में निम्नलिखित शामिल हैं:

- Food and Grocery Code of Conduct का उल्लंघन
- धोखाधड़ी, घूसखोरी, काला धन शोधन, भ्रष्टाचार, गुप्त दलाली या दूसरों को धमकाने वाला व्यवहार
- लोगों या उत्पाद की सुरक्षा के लिए जोखिम
- चोरी, अवरोधक, अविवेकपूर्ण या गैर-प्रतिस्पर्धात्मक कारोबारी तरीके समेत कानून का उल्लंघन
- Woolworths Group ज़िम्मेदार सोर्सिंग नीति का उल्लंघन
- हितों का टकराव
- Woolworths Group या इससे संबंधित किसी संस्था से जुड़े अनुचित मामले या हालात या गलत आचरण
- गोपनीय जानकारी का अनुचित इस्तेमाल
- मानवाधिकारों का उल्लंघन, जैसे ज़िम्मेदार सोर्सिंग नीति में बताए गए मामले

---

[1] जिसमें खेत मजदूर, ट्रॉली जमाकर्ता और सफाई कर्मचारी भी शामिल हैं

आपके द्वारा उठाए गए मुद्दे जायज होने चाहिए और उनका एक उचित आधार होना चाहिए। Speak Up सेवा से संपर्क करने से पहले आपके पास यह संदेह करने के लिए उपयुक्त कारण होने चाहिए कि आपके द्वारा दी जाने वाली जानकारी से यह ज़ाहिर होता है कि ऊपर बताए गए मामलों में से कोई मामला वास्तव में हो रहा है या हो चुका है।

ऊपर सूचीबद्ध मामलों में से कुछ मामले *कॉर्पोरेशन अधिनियम 2001* (कॉम) (कॉर्पोरेशन अधिनियम) *[Corporations Act 2001* (Cth) (Corporations Act)] या *कर-निर्धारण प्रशासन अधिनियम 1953* (कॉम) (कर अधिनियम) *[Taxation Administration Act 1953)* (Cth) (Tax Act)] के तहत "खुलासा करने योग्य मामले" भी हो सकते/सकती हैं। अगर ऐसा है और आप विशिष्ट आवश्यकताएँ पूरी करते/करती हैं, तो आपको इन कानूनों के तहत अतिरिक्त सुरक्षा मिल सकती है और आपकी रिपोर्ट को "**सुरक्षित प्रकटीकरण**" कहा जाता है। ऐसे खुलासे Speak Up सेवा के ज़रिये नहीं किये जा सकते हैं: अनुलग्नक A (ऑस्ट्रेलिया के लिए) और अनुलग्नक B (न्यू ज़ीलैंड के लिए) में सुरक्षित खुलासों और इन्हें Woolworths Group को बताने के तरीके के बारे में आगे की जानकारी दी गई है।

## गोपनीयता और गुमनामी

Speak Up रिपोर्ट बनाने या एक सुरक्षित खुलासा करते समय (या उसके बाद) आपके पास गुमनाम बने रहने या अपनी पहचान बताने का विकल्प है। इनमें से किसी भी मामले में आप जो भी Speak Up प्रणाली, गुमनाम ईमेल पते या उपनाम का चयन करते/करती हैं, वह Woolworths Group को आपसे आगे की जानकारी और स्पष्टता हासिल करने में मदद करेगा। ऐसी बातचीतों के दौरान आप आगे की कार्रवाई के लिए सवालों का जवाब देने से मना कर सकते हैं अगर आपको लगता है कि इससे आपकी पहचान ज़ाहिर हो सकती है। कुछ मामलों में गुमनामी की वजह से मामले की छानबीन करने और उससे निपटने की क्षमता सीमित हो सकती है।

आपके द्वारा दी गई जानकारी (जिसमें आपकी पहचान भी शामिल है) पहुँच-नियंत्रित प्रणालियों में सुरक्षित रूप से जमा की जाएगी, और आपकी सहमति के बिना इसे तब तक किसी के भी साथ साझा नहीं किया जाएगा जब तक यह आपकी रिपोर्ट में उठाए गए मुद्दों को संभालने और उनकी छानबीन करने के लिए उचित रूप से ज़रूरी न हो।

## अगर आप आपूर्तिकर्ता Speak Up का इस्तेमाल करते हैं, तो आपको क्या सुरक्षाएँ मिलेंगी?

अगर आप Speak Up सेवा का इस्तेमाल करते/करती हैं, तो हम आपकी पहचान की रक्षा करके और गोपनीयता बनाए रखकर आपको सुरक्षित रखने के लिए वचनबद्ध हैं, जिसमें मुद्दा उठाने की वजह से होने वाले बुरे नतीजों से या सताए जाने से रक्षा करना भी शामिल है। ऐसे किसी भी कर्मचारी के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई की जा सकती है, जो अनुचित रूप से आपकी पहचान का प्रकटीकरण करता है या आपको हानि पहुँचाता है। इसके तहत उसे नौकरी से निकाला भी जा सकता है।

अगर आपको लगता है कि Speak Up रिपोर्ट बनाने की वजह से आपको सताया गया है, तो आप

- इस उद्देश्य के लिए एक नई Speak Up रिपोर्ट बना सकते/सकती हैं,
- WPOfficer@Woolworths.com.au पर व्हिस्लब्लोअर समूह के व्हिस्लब्लोअर सुरक्षा अधिकारी (WPO) से संपर्क कर सकते/सकती हैं। WPO छानबीन की प्रक्रिया से स्वतंत्र होता है, और आपकी समस्या की समीक्षा करने या उसे आगे भेजने में सक्षम होता है।

## रिपोर्ट के साथ व्यवहार करना और छानबीन की प्रक्रिया

रिपोर्ट मिलने के बाद Woolworths Group के बाहरी Speak Up सेवा प्रदाता रिपोर्ट का आकलन करेंगे और Woolworths Group Speak Up प्रबंधक या उनके प्रतिनिधि को उचित विवरण देंगे। Woolworths Group प्राप्त हुई रिपोर्टों का आकलन करेगा ताकि छानबीन के लिए उपयुक्त लागू संरक्षण, आपातकाल में कार्रवाई की प्राथमिकता (triage), समीक्षा और आवंटन के बारे में निर्णय लिया जा सके।

हम ऐसी आपूर्तिकर्ता Speak Up रिपोर्टों या सुरक्षित प्रकटीकरणों की छानबीन करेंगे, जिनमें छानबीन को न्यायसंगत ठहराने के लिए पर्याप्त जानकारी दी गई है। छानबीन का उद्देश्य यह तय करना होता है कि जिन मामलों की सूचना दी गई है, उन्हें सही साबित करने के लिए पर्याप्त प्रमाण मौजूद हैं या नहीं। छानबीन को निष्पक्ष और उचित प्रक्रिया

के माध्यम से किसी भेदभाव के बिना पूरा किया जाएगा। ये छानबीन खास तौर पर एक जाँचकर्ता द्वारा की जाएगी जो शामिल संबंधित व्यवसाय से स्वतंत्र हैं, और हर उस व्यक्ति को अपनी सफाई देने का अवसर देंगे जिसके खिलाफ़ आरोप लगाए गए हैं। कुछ मामलों में (जैसे, शामिल व्यक्तियों के हितों या वरिष्ठता के बीच टकराव होने पर) एक ऐसा जाँचकर्ता नियुक्त किया जाएगा जो Woolworths Group के बाहर है।

औपचारिक छानबीन की अवधि हालातों पर निर्भर करेगी, जिसमें आरोपों और गवाहों की संख्या और दूसरे कारण शामिल हैं।

जहाँ सुरक्षित खुलासे की छानबीन की जाती है, वहाँ कॉर्पोरेशन अधिनियम (Corporations Act) और कर अधिनियम (Tax Act) लागू होंगे, जैसा अनुलग्नक A में बताया गया है।

Woolworths Group के Speak Up प्रबंधक या बाहरी Speak Up प्रदाता आपकी रिपोर्ट मिलने की अभिस्वीकृति देंगे और प्रगति की नियमित सूचना देते रहेंगे। नई सूचनाओं का स्वरूप हालातों पर निर्भर करेगा। जैसे, हम ऐसी कोई जानकारी नहीं देंगे जो छानबीन को नुकसान पहुँचा सकती है या गोपनीय जानकारी का खुलासा कर सकती है। छानबीन पूरी होने के बाद आपको सूचित कर दिया जाएगा, लेकिन आपको नियमित रूप से अपने हर आरोप से जुड़े निष्कर्षों के बारे में विवरण नहीं भेजे जाएँगे।

छानबीन में शामिल हर व्यक्ति के लिए, चाहे वह जाँचकर्ता या गवाह या निर्णायक के रूप में शामिल हो, यह ज़रूरी है कि वह छानबीन से जुड़ी हर जानकारी के साथ गोपनीय रूप से व्यवहार करे।

## प्रशासन

- मुख्य कानूनी अधिकारी (CLO) आपूर्तिकर्ता Speak Up कार्यक्रम का निरीक्षण करते हैं ताकि निष्पक्षता और स्वतंत्र समीक्षा सुनिश्चित हो सके। सामूहिक अनुपालन (Group Compliance) उठाए गए मुद्दों की स्थिति और स्वरूप की सूचना देता है और उनके बारे में सलाह देता है।
- CLO, मुख्य लोक अधिकारी (CPO) और सामूहिक अनुपालन के प्रतिनिधि समेत दूसरे वरिष्ठ नेता एक Speak Up प्रशासन समिति का गठन करते हैं। छः महीनों में कम से कम एक बार इस समिति की बैठक होती है, ताकि सेवा की प्रभाविता की समीक्षा की जा सके, प्रक्रिया और परिणामों में संगतता सुनिश्चित करने में मदद मिल सके और प्रासंगिक सुझाव दिए जा सकें।
- यह नीति कॉर्पोरेशन अधिनियम 2001 (Corporations Act 2001) के उद्देश्य के लिए Woolworths Group लिमिटेड की व्हिस्लब्लोअर नीति है। यह सभी संबंधित निकाय कॉर्पोरेट पर भी लागू होती है, जैसा उस अधिनियम में परिभाषित किया गया है।
- यह नीति Woolworths Group की वेबसाइट पर प्रकाशित की जाएगी और इसकी नियमित रूप से समीक्षा की जाएगी।

## ज़्यादा जानकारी कहाँ से पाएँ

Speak Up के बारे में ज़्यादा जानकारी के लिए हमारे साझेदार हब partnerhub.woolworthsgroup.com.au पर 'समस्या समाधान' खंड में जाएँ।

अगर आप औपचारिक रूप से रिपोर्ट बनाने से पहले अनुलग्नकों में सुरक्षित खुलासों के बारे में आगे की सलाह के साथ अतिरिक्त जानकारी प्राप्त करना चाहते/चाहती हैं, तो कृपया Whistleblower Group के व्हिस्लब्लोअर सुरक्षा अधिकारी (WPO) से WPOfficer@Woolworths.com.au पर संपर्क करें।

## आपूर्तिकर्ता Speak Up रिपोर्ट कैसे बनाएँ

- **टेलीफ़ोन**
  - ऑस्ट्रेलिया 1800 772 173 (आपूर्तिकर्ता Speak Up)
  - ऑस्ट्रेलिया 1800 4GROCERY (1800 447623) (Grocery Code रिपोर्टिंग लाइन)
  - न्यू ज़ीलैंड 0800 393 76736
  - हांग कांग 800-96-0016
  - चीन 400-6-612-693
  - भारत 000-117; प्रॉम्प्ट पर (844) 476-9151 डायल करें
    थाईलैंड 1800-013-018
- **ऑनलाइन** WoolworthsSpeakUp.ethicspoint.com

| | |
|---|---|
| **नीति में बदलाव** | इस नीति में किसी भी समय बदलाव हो सकते हैं, और यह किसी भी कर्मचारी के रोज़गार अनुबंध का भाग नहीं है। |
| **मंज़ूरी की तारीख:** | 3 जून, 2020 |
| **लागू होने की तारीख:** | 3 जून, 2020 |
| **उत्तरदायी:** | मुख्य कानूनी अधिकारी (CLO) |
| **संपर्क:** | GroupCompliance@woolworths.com.au |
| **संबंधित नीतियाँ:** | कर्मचारी Speak Up नीति |
| **प्रकाशन** | यह नीति Woolworths Group इंटरनेट साइट और आपूर्तिकर्ता पोर्टल *'पार्टनरहब (Partnerhub)'* के ज़रिये उपलब्ध कराई जाएगी। |

## अनुलग्नक A - ऑस्ट्रेलियाई कॉर्पोरेशन अधिनियम और कर अधिनियम (Australian Corporations Act and Tax Act)

ऑस्ट्रेलिया में आप 'सुरक्षित खुलासा' कर सकते/सकती हैं, अगर:

1. आप एक "पात्र व्हिस्लब्लोअर" हैं;
2. आप ऐसे किसी व्यक्ति या संस्था के पास सीधे खुलासा करते/करती हैं, जो सुरक्षित खुलासा लेने के लिए पात्र है; और
3. आपके पास यह संदेह करने के लिए उपयुक्त आधार हैं कि आपका खुलासा किसी "खुलासा योग्य मामले" के बारे में है।

सुरक्षित खुलासे किसी कानूनी पेशेवर के समक्ष किये गए जानकारी के खुलासे भी होते हैं, जिन्हें कॉर्पोरेशन अधिनियम और कर अधिनियम में दिए गए व्हिस्लब्लोअर प्रावधानों के संचालन के बारे में कानूनी सलाह या कानूनी प्रतिनिधित्व प्राप्त करने के लिए किया जाता है।

"सुरक्षित खुलासा" करने का मतलब है कि अगर आप आपूर्तिकर्ता Speak Up का इस्तेमाल करते/करती हैं, तो इस नीति के तहत मिलने वाली सुरक्षाओं के अलावा आप खुलासा करने के समय से आरंभ करके कॉर्पोरेशन अधिनियम या कर अधिनियम (जहाँ लागू हो) के तहत संबंधित कानूनी सुरक्षाओं के लिए भी पात्र होंगे/होंगी। ये सुरक्षाएँ गुमनाम रूप से खुलासा करने पर भी लागू होती हैं, और भले ही आप या प्राप्तकर्ता यह नहीं मानता है कि यह खुलासा सुरक्षा के लिए पात्र है। यदि आपके पास खुलासा करते समय इसके विषय में संदेह करने के लिए उपयुक्त कारण मौजूद थे, तो अंत में आपका खुलासा प्रमाणित न हो पाने की स्थिति में भी ये सुरक्षाएँ लागू होंगी।

ध्यान दें कि ये सुरक्षाएँ आपके ऐसे किसी भी गलत आचरण से आपका बचाव नहीं करतीं जिनके बारे में आपके खुलासे से पता चलता है या जो बाद में उजागर होता है।

### A. मैं सुरक्षित खुलासा कैसे करूँ?

1 जुलाई 2019 या उसके बाद कॉर्पोरेशन अधिनियम या कर अधिनियम के तहत सुरक्षित खुलासा करने के लिए आवश्यकताएँ नीचे बताई गई हैं:

*1. आपको एक "पात्र व्हिस्लब्लोअर" होना चाहिए*

ऑस्ट्रेलियाई व्हिस्लब्लोअर कानूनों के तहत सुरक्षित खुलासा करने वाला "पात्र व्हिस्लब्लोअर' एक ऐसा व्यक्ति होता है जो ऑस्ट्रेलियाई Woolworths Group कंपनी से संबंधित निम्नलिखित पद पर है या रह चुका है:

a. अधिकारी;
b. कर्मचारी:
c. माल या सेवाओं की आपूर्ति करने वाला व्यक्ति, और आपूर्तिकर्ताओं के कर्मचारी (चाहे वे वेतनभोगी हों या अवैतनिक);
d. वह व्यक्ति जो कंपनी का सहयोगी है;
e. या तो:
    - कॉर्पोरेशन अधिनियम के संबंध में ऊपर बताए गए व्यक्तियों में से किसी व्यक्ति का जीवनसाथी या रिश्तेदार, आश्रित या आश्रित का जीवनसाथी है; या
    - कर अधिनियम के संबंध में ऊपर बताए गए व्यक्तियों में से किसी व्यक्ति का जीवनसाथी, बेटा/बेटी, आश्रित या आश्रित का जीवनसाथी है।

*2. आपको ऐसे किसी व्यक्ति के समक्ष खुलासा करना होगा, जो सुरक्षित खुलासा लेने के लिए प्राधिकृत है*

Speak Up सेवा सुरक्षित खुलासा करने का प्राधिकृत तरीका नहीं है।

*Woolworths Group के अंदर रिपोर्ट करना*

Woolworths Group सबसे पहले नीचे सूचीबद्ध नियुक्त सुरक्षित खुलासा अधिकारी में से किसी के समक्ष सुरक्षित खुलासे करने के लिए प्रोत्साहित करता है।

| पद | नाम | ईमेल | दूरभाष |
|---|---|---|---|
| मुख्य लोक अधिकारी (Chief People Officer) | कैरीन कैट्सीकोजिऐनिस (Caryn Katsikogianis) | PD4CPO @woolworths.com.au | 1800 PD4CPO (1800 734 276) |
| मुख्य कानूनी अधिकारी (Chief Legal Officer) | बिल रीड (Bill Reid) | PD4CLO @woolworths.com.au | 1800 PD4CLO (1800 734 256) |
| मुख्य वित्तीय अधिकारी (Chief Financial Officer) | स्टीफन हैरिसन (Stephen Harrison) | PD4CFO @woolworths.com.au | 1800 PD4CFO (1800 734 236) |

हालाँकि, अगर आपको ऊपर बताए गए किसी भी व्यक्ति के समक्ष मामले की सूचना देने में असहज महसूस होता है, तो आप निम्नलिखित व्यक्तियों में से किसी के भी पास स्वयं जाकर, अथवा ईमेल या टेलीफ़ोन के माध्यम से Woolworths Group के समक्ष सुरक्षित प्रकटीकरण कर सकते/सकती हैं:

a. ऑस्ट्रेलियाई Woolworths Group कंपनी का कोई अधिकारी या वरिष्ठ प्रबंधक;
   *ध्यान दें: 'अधिकारियों' में Woolworths निदेशक या कंपनी सचिव भी शामिल हैं;*
   *'वरिष्ठ प्रबंधक' एक ऐसा व्यक्ति होता है, जिसके फैसले Woolworths के कम से कम एक बड़े भाग को प्रभावित करते हैं, या उनमें Woolworths की वित्तीय स्थिति को उल्लेखनीय रूप से प्रभावित करने की क्षमता होती है।*
b. किसी Woolworths Group कंपनी का लेखा-परीक्षक, या लेखा-परीक्षण करने वाली लेखा-परीक्षा टीम का सदस्य; या
c. Woolworths Group कंपनी का कोई मुंशी।

ऊपर बताए गए के अलावा कर अधिनियम के तहत खुलासों के लिए:

- किसी Woolworths Group कंपनी का कोई दूसरा कर्मचारी या अधिकारी, जिसके पास Woolworths Group कंपनी के कर-संबंधी मामलों से जुड़े कार्य या दायित्व हैं; या
- कोई पंजीकृत कर एजेंट या BAS एजेंट, जो किसी Woolworths Group कंपनी को कर एजेंट सेवाएँ या BAS सेवाएँ देता है।

Speak Up सेवा सुरक्षित खुलासा करने का प्राधिकृत तरीका <u>नहीं</u> है।

*Woolworths Group के बाहर रिपोर्ट करना*

Woolworths पात्र व्हिसलब्लोअरों को आंतरिक रूप से खुलासे करने के लिए प्रोत्साहित करता है, लेकिन योग्य व्हिस्लब्लोअर कॉर्पोरेशन अधिनियम के तहत ऑस्ट्रेलियाई प्रतिभूति और निवेश कमीशन (एएसआईसी) [Australian Securities and Investments Commission (ASIC)], ऑस्ट्रेलियाई विवेकपूर्ण नियामक प्राधिकरण (एपीआरए) [Australian Prudential Regulation Authority (APRA)] या एक निर्धारित कॉमनवेल्थ अथॉरिटी (Commonwealth authority) के पास भी सुरक्षित खुलासे कर सकता है।
एक योग्य व्हिस्लब्लोअर कर प्रशासन अधिनियम (Tax Administration Act) के तहत कर-निर्धारण कमिश्नर (Commissioner of Taxation) के पास भी सुरक्षित खुलासा कर सकता है।

Speak Up सेवा सुरक्षित खुलासा करने का प्राधिकृत तरीका नहीं है।

*कानूनी पेशेवरों के पास खुलासे*

कॉर्पोरेशन अधिनियम और कर अधिनियम के तहत उस कानून में व्हिस्लब्लोअर प्रावधानों के संबंध में कानूनी सलाह या कानूनी प्रतिनिधित्व हासिल करने के लिए कानूनी पेशेवरों के पास जानकारी का खुलासा करना भी सुरक्षित खुलासा कहलाता है।

*जनहित संबंधी खुलासे*

खुलासों की एक और श्रेणी है जिसे 'जनहित खुलासे' कहा जाता है और ये भी कॉर्पोरेशन अधिनियम के तहत सुरक्षा के पात्र होते हैं। इन्हें पत्रकारों और संसद के सदस्यों के समक्ष किया जा सकता है, लेकिन केवल तभी जब योग्य व्हिस्लब्लोअर निम्नलिखित सख्त आवश्यकताओं का अनुपालन करता है:

a. योग्य व्हिस्लब्लोअर ने इससे पहले कॉर्पोरेशन अधिनियम के तहत ASIC, APRA या किसी निर्धारित कॉमनवेल्थ प्राधिकरण के पास ज़रूर एक विशेषक खुलासा कर चुका है;
b. विशेषक खुलासा करने के बाद कम से कम 90 दिन गुज़र चुके हैं;
c. योग्य व्हिस्लब्लोअर के पास यह विश्वास करने के लिए उपयुक्त कारण नहीं हैं कि जिन मामलों के बारे में विशेषक खुलासा किया गया है, उन्हें संबोधित करने के लिए कार्रवाई की जा रही है या की जा चुकी है;
d. योग्य व्हिस्लब्लोअर के पास यह विश्वास करने के लिए उपयुक्त कारण हैं कि जनहित संबंधी खुलासा जनहित में होगा;
e. 90 दिन बीत जाने के बाद योग्य व्हिस्लब्लोअर ने जिस निकाय के समक्ष सबसे पहले विशेषक खुलासा किया था, उस निकाय को एक लिखित अधिसूचना देनी होगी जिसमें:
    i. विशेषक खुलासे की पहचान करने के लिए पर्याप्त जानकारी शामिल होनी चाहिए; और
    ii. यह बताया जाना चाहिए कि योग्य व्हिस्लब्लोअर एक जनहित खुलासा करने का आशय रखता है; और
f. जनहित खुलासे में सिर्फ उतनी जानकारी का खुलासा किया जाएगा, जो पत्रकार या संसद सदस्य को गलत आचरण या अनुचित मामलों या हालातों की, या व्हिस्लब्लोअर सुरक्षा योजना की सीमा में आने वाले किसी दूसरे आचरण की जानकारी देने के लिए ज़रूरी है, इससे ज़्यादा नहीं।

*आपातकालीन खुलासे*

खुलासों की एक और श्रेणी है जिसे 'आपातकालीन खुलासे' कहते हैं और यह भी कॉर्पोरेशन अधिनियम के तहत सुरक्षा के लिए योग्य होते हैं। इन्हें पत्रकारों और संसद सदस्यों के पास किया जा सकता है, लेकिन सिर्फ उसी स्थिति में जब योग्य व्हिस्लब्लोअर निम्नलिखित सख्त आवश्यकताओं का पालन करता है:

a. योग्य व्हिस्लब्लोअर पहले कॉर्पोरेशन अधिनियम के तहत ASIC, APRA या किसी निर्धारित कॉमनवेल्थ प्राधिकरण के पास ज़रूर एक सुरक्षित खुलासा कर चुका है;
b. योग्य व्हिस्लब्लोअर के पास यह विश्वास करने के लिए मुनासिब वजहें हैं कि यह जानकारी एक या ज़्यादा व्यक्तियों या प्राकृतिक वातावरण के स्वास्थ्य या सुरक्षा के लिए पैदा होने वाले खतरे से संबंधित है;
c. योग्य व्हिस्लब्लोअर ने जिस निकाय के पास विशेषक खुलासा किया था, उसे एक सूचना दी गई जिसमें बताया गया है कि:
    i. वह एक आपातकालीन खुलासा करने का आशय रखता है; और
    ii. इसमें विशेषक खुलासे की पहचान करने के लिए पर्याप्त जानकारी शामिल है; और
d. आपातकालीन खुलासे में केवल उतनी ही जानकारी का खुलासा किया गया है जो पत्रकार या संसद के सदस्य को गंभीर और आसन्न खतरे की जानकारी देने के लिए ज़रूरी है इससे ज़्यादा नहीं।

जनहित या आपातकालीन खुलासा करने से पहले यह ज़रूरी है कि योग्य व्हिस्लब्लोअर संबंधित कानून के तहत सुरक्षा के लिए मानदंडों को समझ ले।

*3. आपका खुलासा किसी "खुलासा योग्य मामले" के बारे में होना चाहिए*

कुछ खास तरह की जानकारी के खुलासे ही ऑस्ट्रेलियाई व्हिस्लब्लोअर कानूनों के तहत सुरक्षा के लिए पात्र होंगे।

कॉर्पोरेशन अधिनियम के तहत कोई जानकारी एक "खुलासा करने योग्य मामला" है अगर योग्य व्हिस्लब्लोअर के पास यह शक करने की वजहें हैं कि खुलासा की गई जानकारी:

a. Woolworths Group से संबंधित किसी गलत आचरण या अनुचित मामले या हालात के बारे में है। गलत आचरण में निम्नलिखित शामिल हो सकते हैं:
    a. Woolworths Group द्वारा गैर-कानूनी आचरण, जैसे चोरी, गैर-कानूनी दवाओं का व्यापार या इस्तेमाल, हिंसा या हिंसा की धमकी और संपत्ति का आपराधिक नुकसान;
    b. धोखाधड़ी, काला धन शोधन या पूंजी का गलत इस्तेमाल;
    c. रिश्वत देना या लेना;
    d. गलत वित्तीय वक्तव्य या अनियमितताएँ;
    e. कानूनी या नियामक आवश्यकताओं के अनुपालन में विफलता या इनका उल्लंघन; और
    f. किसी ऐसे व्यक्ति के विरुद्ध हानिकारक आचरण करना या करने की धमकी देना, जिसने खुलासा किया है या जिसके बारे में ऐसा विश्वास है या जिस पर संदेह है कि उसने खुलासा किया है या करने की योजना बना रहा है।
    g. लापरवाही,
    h. विश्वासघात और कर्तव्य का उल्लंघन (केवल व्यक्ति का व्यक्तिगत आचरण ही नहीं);
b. यह इंगित करती है कि कोई Woolworths Group कंपनी या कर्मचारी या अधिकारी ने ऐसा आचरण किया है, जो:
    i. निम्नलिखित में से किसी नियम के प्रावधान के विरुद्ध अपराध या उसका उल्लंघन है:
        - कॉर्पोरेशन अधिनियम;
        - ऑस्ट्रेलियाई प्रतिभूति और निवेश कमीशन अधिनियम 2001;
        - बैंकिंग अधिनियम 1959;
        - वित्तीय क्षेत्र (आकड़ों का संग्रह) अधिनियम 2001;
        - बीमा अधिनियम 1973;
        - जीवन बीमा अधिनियम 1995;
        - राष्ट्रीय उपभोक्ता ऋण सुरक्षा अधिनियम 2009;
        - सेवानिवृत्ति उद्योग (निरीक्षण) अधिनियम 1993;
    ii. कॉमनवेल्थ के किसी अन्य कानून के विरुद्ध अपराध है, जिसके लिए कम से कम 12 महीने का कारावास हो सकता है;
    iii. सर्वसामान्य या वित्तीय प्रणाली के लिए खतरे का प्रतिनिधित्व करता है; या
    iv. कॉर्पोरेशन अधिनियम के तहत बनाए गए नियामकों द्वारा निर्धारित है।

कुछ हालातों के अतिरिक्त व्यक्तिगत कार्य-संबंधी शिकायतों को कॉर्पोरेशन अधिनियम के तहत संरक्षण प्राप्त नहीं होगा, जब तक वे सताए जाने से जुड़ी हुई न हों (नीचे भाग B का खंड 3 देखें)।

खुलासे को 'व्यक्तिगत कार्य-संबंधी शिकायत' कहा जाएगा अगर:

a. यह व्हिस्लब्लोअर के रोज़गार से संबंधित है और उसके लिए व्यक्तिगत रूप से मायने रखता है; और
b. यह जानकारी:
    i. ऑस्ट्रेलियाई Woolworths Group कंपनी या ऐसी किसी दूसरे नियमित संस्था के लिए कोई गंभीर मायने नहीं रखती है, जो योग्य व्हिस्लब्लोअर से संबंधित नहीं है; और
    ii. इस अनुलग्नक में ऊपर 3(b) में संदर्भित आचरण, या तथाकथित आचरण से संबंधित नहीं है

सुरक्षा के लिए अपात्र व्यक्तिगत कार्य-संबंधी शिकायतों के उदाहरणों में निम्नलिखित शामिल हैं:

- योग्य व्हिस्लब्लोअर का कार्यक्षेत्र में अंतर्वैयक्तिक संघर्ष होना;
- (सिर्फ) योग्य व्हिस्लब्लोअर को डराया-धमकाया जा रहा है:
- योग्य व्हिस्लब्लोअर को एक बार अनजाने में कम भुगतान किया गया;

- योग्य व्हिस्लब्लोअर को अनुशासन के अधीन किया गया या तरक्की नहीं दी गई; या
- ऐसे मामले जिनके पूरे Woolworths Group के लिए कोई ख़ास मायने नहीं हैं, जब तक वे पिछला सुरक्षित खुलासा करने के लिए योग्य व्हिस्लब्लोअर को सताने से संबंध नहीं रखते।

इसके बावजूद भी व्यक्तिगत कार्य-संबंधी शिकायत सुरक्षा के लिए पात्र हो सकती है, यदि:

- यह किसी खुलासा योग्य मामले और एक व्यक्तिगत कार्य-संबंधी शिकायत से संबंध रखती है (यानि यह एक मिश्रित खुलासा है); या
- योग्य व्हिस्लब्लोअर कॉर्पोरेशन अधिनियम के तहत व्हिस्लब्लोअर सुरक्षाओं के संचालन के बारे में कानूनी सलाह या कानूनी प्रतिनिधित्व की माँग करता है।

कर अधिनियम के तहत जानकारी एक "खुलासा योग्य मामला" है अगर:

a. योग्य व्हिस्लब्लोअर के पास यह संदेह करने के लिए उपयुक्त कारण हैं कि यह जानकारी किसी Woolworths Group कंपनी या Woolworths Group कंपनी के किसी सहयोगी के कर-संबंधी मामलों से जुड़े गलत आचरण या अनुचित मामलों या हालातों से संबंधित है; या
b. योग्य व्हिस्लब्लोअर का विश्वास है कि यह जानकारी पात्र प्राप्तकर्ता को किसी Woolworths Group कंपनी या Woolworths Group कंपनी के किसी सहयोगी के कर-संबंधी मामलों से जुड़े कार्य करने या कर्तव्य निभाने में उसकी मदद कर सकती है।

## B. अगर मैंने सुरक्षित खुलासा किया तो कौन सी कानूनी सुरक्षाएँ लागू होती हैं?

अगर आपने ऑस्ट्रेलियाई व्हिस्लब्लोअर कानूनों के तहत सुरक्षित खुलासा किया है, तो इस नीति में बताई गई सुरक्षाएँ और निम्नलिखित अतिरिक्त कानूनी सुरक्षाएँ भी लागू होंगी:

*1. कानूनी कार्रवाई से सुरक्षा*

ऑस्ट्रेलियाई व्हिस्लब्लोअर कानूनों के तहत सुरक्षित खुलासा करने वाले योग्य व्हिस्लब्लोअर खुलासा किये जाने से संबंधित कुछ कानूनी कार्रवाइयों से सुरक्षित हैं, जिनमें निम्नलिखित शामिल हैं:

- व्हिस्लब्लोअर के खिलाफ कोई भी दीवानी, आपराधिक और प्रशासनिक (अनुशासनिक समेत) कार्रवाई; और
- अनुबंध से संबंधित कार्रवाई, जिसमें इस आधार पर अनुबंध की समाप्ति शामिल है कि खुलासा करने से अनुबंध का उल्लंघन हुआ है।

निम्नलिखित के समक्ष एक सुरक्षित खुलासे के हिस्से के रूप में प्रकट की गई कोई भी जानकारी:

- कॉर्पोरेशन अधिनियम के तहत ASIC, APRA या कोई अन्य नियत कॉमनवेल्थ प्राधिकरण; या
- कर प्रशासन अधिनियम के तहत कर-निर्धारण कमिश्नर

को असत्य होने से जुड़ी कार्रवाइयों के अतिरिक्त आपराधिक कार्रवाइयों में या दंडात्मक कार्रवाइयों में व्हिस्लब्लोअर के खिलाफ़ सबूत के रूप में स्वीकार नहीं किया जाएगा।

*2. आपकी पहचान की सुरक्षा*

अगर आप सुरक्षित खुलासा करते/करती हैं, और ऐसा करते समय अपनी पहचान (या ऐसी जानकारी जिसके माध्यम से आपको पहचाना जा सकता है) प्रकट कर देते/देती हैं, तो किसी भी व्यक्ति को आपकी सहमति के बिना आपकी पहचान या पहचान प्रकट करने वाली जानकारी का खुलासा नहीं करना चाहिए (यह नीचे बताए गए अपवादों के अधीन है)।

अगर कोई योग्य व्हिस्लब्लोअर सुरक्षित खुलासा करता है, तो संभवतः उस योग्य व्हिस्लब्लोअर को अपनी पहचान का खुलासा करने के लिए सहमति देने के लिए कहा जाएगा। इसका उद्देश्य मामले की हर तरह की छानबीन और/या

उसके समाधान को आसान बनाना है। अगर सहमति नहीं दी गई, तो उचित रूप से छानबीन करना और खुलासे का जवाब देना (यदि देना हो) संभव नहीं भी हो सकता है।

अगर कोई योग्य व्हिस्लब्लोअर अपनी पहचान ज़ाहिर करने के लिए सहमति नहीं देता, तो भी उसकी पहचान निम्नलिखित के समक्ष व्यक्त करना कानून के अनुरूप होगा:

- ASIC, APRA, AFP या कर-निर्धारण कमिश्नर (कर अधिनियम के तहत सुरक्षित खुलासों के संबंध में);
- कानूनी पेशेवर, खुलासे के बारे में कानूनी सलाह या कानूनी प्रतिनिधित्व प्राप्त करने के प्रयोजनों के लिए; या
- कॉर्पोरेशन विनियमनों द्वारा निर्धारित किया गया कोई निकाय।

आप ऐसी जो भी जानकारी साझा करते/करती हैं (अपनी पहचान के अतिरिक्त) जिसके कारण आपकी पहचान व्यक्त हो सकती है, उसे खुलासा करना भी कानून के अनुरूप होगा अगर ऐसा करना उठाए गए मुद्दों की छानबीन के लिए उचित रूप से ज़रूरी है, और इस स्थिति में हम आपकी पहचान की सुरक्षा के लिए सभी उपयुक्त कदम उठाएँगे।

ASIC, APRA या AFP किसी कॉमनवेल्थ, राज्य या राज्य-क्षेत्र प्राधिकरण के समक्ष किसी भी पात्र व्हिस्लब्लोअर की पहचान व्यक्त कर सकती है, या उसकी पहचान व्यक्त करने में सक्षम जानकारी को प्रकट कर सकती है, ताकि प्राधिकरण को अपने कार्यों या कर्तव्यों का निष्पादन करने में मदद कर सके।

जैसा कि नीति के मुख्य भाग में बताया गया है, खुलासे गुमनाम रूप से किये जा सकते/सकती हैं। इसके बावजूद भी ऐसे खुलासे कॉर्पोरेशन अधिनियम और कर अधिनियम के तहत सुरक्षा प्राप्त करने में सक्षम होते हैं।

Woolworths Group निम्नलिखित उपायों से योग्य व्हिस्लब्लोअर की पहचान की गोपनीयता की सुरक्षा करने के प्रयास करता है:

- सुरक्षित रूप से खुलासे के बारे में जानकारी जमा करके;
- संबंधित दस्तावेज़ों से व्हिस्लब्लोअर की पहचान को हटा करके; और
- व्हिस्लब्लोअर की पहचान केवल जानकारी की न्यायसंगत आवश्यकता वाले व्यक्तियों/निकायों के साथ साझा करके, और यह व्हिस्लब्लोअर की सहमति के अधीन है।

*3. सताए जाने के खिलाफ मनाही*

किसी भी व्यक्ति या कंपनी के लिए:

- ऐसा कोई भी आचरण करना, जिसके कारणवश कोई हानि हुई है या होगी; या
- हानि की धमकी देना (चाहे यह स्पष्ट, निहित, सशर्त या शर्त-रहित स्वरूप में हो),

गैर-कानूनी है, जो किसी पात्र व्हिस्लब्लोअर या किसी अन्य व्यक्ति के प्रति इसलिए निर्दिष्ट किया गया हो क्योंकि ऐसा आचरण करने वाला व्यक्ति यह मानता है या इस बात का संदेह करता है कि अन्य व्यक्ति ने या कोई तीसरे व्यक्ति ने सुरक्षित खुलासा किया है, शायद किया होगा, ऐसा करने का विचार कर रहा है, या कर सकता है। इसमें वह स्थिति भी शामिल है जहाँ ऐसा मानना/संदेह करना कार्रवाई किए जाने के कारण का केवल एक हिस्सा मात्र है।

"हानि" में नौकरी से निकाला जाना, अनुशासनात्मक कार्रवाई, उत्पीड़न, भेदभाव, संपत्ति का नुकसान, प्रतिष्ठात्मक क्षति और व्यक्ति को अन्य तरह का नुकसान पहुँचाना शामिल है। "हानि" में ऐसी प्रशासनिक कार्रवाई शामिल नहीं है, जो आपको हानि से बचाने के लिए उपयुक्त हो (उदा. जब खुलासा आपके निकटस्थ कार्यक्षेत्र में गलत कार्यों से संबंधित है)। आपको हानि से बचाने में Woolworths Group का असंतोषजनक कार्य प्रदर्शन का प्रबंधन करने में अवरुद्ध होना शामिल नहीं है।

सुरक्षित खुलासा मिलने के बाद उसका आकलन किया जाता है, ताकि आपके और रिपोर्ट में उल्लेखित लोगों के लिए हानि का खतरा निर्धारित किया जा सके। इस खतरे को कम करने और उत्तरदाता समेत खुलासे में उल्लेखित अन्य लोगों के साथ निष्पक्ष व्यवहार सुनिश्चित करने के लिए उचित कार्रवाइयाँ की जाती हैं।

आपको हानि के खतरे से बचाने के लिए पात्र प्राप्तकर्ताओं को प्रशिक्षित किया गया है ताकि वे आपकी गोपनीयता बनाए रखना और खुलासा करने के परिणामस्वरूप आपको सताया न जाना सुनिश्चित करने के लिए अपनी सारी जिम्मेदारियों से अवगत रहें। साथ ही, Woolworths Group प्रत्येक मामले पर अलग-अलग ध्यान देकर आपको अन्यत्र या उसी स्तर पर किसी अन्य भूमिका में अपने कर्तव्यों का निष्पादन करने की अनुमति दे सकता है, या आपके कार्यक्षेत्र में दूसरे बदलाव कर सकता है या कर्तव्यों का निष्पादन करने के आपके तरीके में बदलाव कर सकता है या खुलासा योग्य मामले में शामिल अन्य कर्मचारियों के कर्तव्यों का पुनर्निधारण कर सकता है या उन्हें अन्यत्र पदस्थ कर सकता है।

Woolworths Group ऐसे व्यवहार के आरोपों की छानबीन करेगा, और उपरोक्त संदर्भित किसी भी आचरण के लिए दंडात्मक और/या अनुशासनात्मक कार्रवाई की जा सकती है। उल्लंघन में शामिल व्यक्ति को ज़िम्मेदार ठहराया जा सकता है। यदि हानि होने का पता चलता है, तो Woolworths Group प्रत्येक मामले पर अलग-अलग ध्यान देकर आपको दीर्घकालीन अवकाश लेने या वैकल्पिक भविष्य विकास योजना बनाने की अनुमति दे सकता है, अथवा क्षतिपूर्ति या अन्य उपायों का प्रस्ताव दे सकता है।

यदि आपको लगता है कि आप ऑस्ट्रेलियाई व्हिस्लब्लोअर कानूनों की अवहेलना में हानि से पीड़ित हुए/हुई हैं, या आपको इसकी धमकी दी जा रही है, तो आप:

- ऊपर बताए गए चरणों का पालन करके आगे का सुरक्षित खुलासा कर सकते/सकती हैं
- इस उद्देश्य के लिए एक Speak Up रिपोर्ट बना सकते/सकती हैं (ध्यान दें, Speak Up सेवा के समक्ष किये गए खुलासे सुरक्षित खुलासे नहीं होते हैं),
- Woolworths के व्हिस्लब्लोअर सुरक्षा अधिकारी (WPO) से WPOfficer@Woolworths.com.au पर संपर्क करे सकते/सकती हैं। WPO छानबीन प्रक्रिया से स्वतंत्र होता है, और आपकी समस्या की समीक्षा करने या उसे आगे भेजने में सक्षम होता है।

*न्यायालय के आदेश*

न्यायालयों को किसी भी हानि या हानि की धमकी के समाधान के लिए आदेश जारी करने का व्यापक अधिकार दिया जाता है। इनमें निषेधाज्ञा, क्षतिपूर्ति आदेश (इनमें अलग-अलग कर्मचारियों और उनके कार्य-नियोक्ता के विरुद्ध जारी किए जाने वाले आदेश शामिल हैं), नौकरी की बहाली, अनुकरणीय नुकसान और क्षमा-याचनाएँ शामिल होती हैं। कॉर्पोरेशन अधिनियम और कर अधिनियम के उल्लंघनों पर दीवानी और आपराधिक स्वीकृतियाँ भी लागू होती हैं।

## C. खुलासे के साथ व्यवहार और छानबीन करना

अगर सुरक्षित खुलासा किया गया है, तो उसे Woolworths Group Speak Up प्रबंधक या उनके प्रतिनिधि को लागू गोपनीयता आवश्यकताओं के अधीन उपलब्ध कराया जाएगा।

सुरक्षित खुलासों की छानबीन इस नीति के तहत अन्य खुलासों की छानबीन के समान ही की जाएगी। सुरक्षित खुलासों की छानबीन की समय-सीमा उसके लिए आवश्यक प्रकृति और विषय-क्षेत्र के आधार पर अलग-अलग होगी। Woolworths Group का उद्देश्य छानबीन को जितनी जल्दी मुमकिन हो उसे पूरा करना होता है।

उचित होने पर Woolworths Group मुख्य कानूनी अधिकारी को छानबीन के निष्कर्षों की सूचना देगा। छानबीन के निष्कर्षों के अभिलेखन और उनकी सूचना देने का तरीका खुलासे की प्रकृति और हालातों पर निर्भर करता है। निष्कर्षों की सूचना देते समय लागू गोपनीय आवश्यकताओं को ध्यान में रखा जाएगा।

## अनुलग्नक B – न्यू ज़ीलैंड में कानूनी सुरक्षाएँ

न्यू ज़ीलैंड के पास स्वयं अपना व्हिस्लब्लोअर कानून है, जिसे *सुरक्षित प्रकटीकरण अधिनियम 2000 (Protected Disclosure Act 2000)* (**NZ कानून**) कहा जाता है। इसमें यह रूपरेखा दी गई है कि आपके द्वारा किया गया जानकारी का खुलासा किस तरह से 'सुरक्षित प्रकटीकरण' के रूप में पात्र हो सकता है और अगर आप न्यू ज़ीलैंड में सुरक्षित प्रकटीकरण करते/करती हैं, तो आपको कौन से अतिरिक्त कानूनी संरक्षण प्राप्त होंगे।

### *क्या मैं सुरक्षित खुलासा कर सकता/सकती हूँ?*

आप NZ कानून के तहत Woolworths के बारे में सुरक्षित खुलासा कर सकते/सकती हैं, अगर आप:

- Woolworths के कर्मचारी हैं;
- Woolworths के भूतपूर्व कर्मचारी हैं;
- Woolworths में अस्थाई रूप से पदस्थ किए गए व्यक्ति हैं; या
- Woolworths के लिए काम करने के उद्देश्य से कार्यरत संलग्न किए गए या एक सेवा अनुबंध के तहत अनुबंधित किए गए व्यक्ति हैं।

### *क्या मेरे खुलासे को NZ कानून के तहत सुरक्षित रखा जाएगा?*

आपके खुलासे को सुरक्षित रखा जाएगा, अगर:

- यह जानकारी Woolworths के अंदर या उसके द्वारा किए गए किसी गंभीर अन्याय के बारे में है;
- आप इस जानकारी को उचित रूप से सत्य या संभवतः सत्य मानते/मानती हैं; और
- इस गंभीर अन्याय की छानबीन करवाना चाहते/चाहती हैं।

'गंभीर अन्याय' में निम्नलिखित में से कोई भी काम शामिल हो सकता है:

- ऐसा कोई कार्य, भूल-चूक या आचरण, जिससे जनस्वास्थ्य या जनसुरक्षा या पर्यावरण को गंभीर खतरा है;
- कानून के प्रवर्तन के लिए गंभीर खतरा पैदा करने वाला कोई कार्य, भूल-चूक या आचरण, जिसमें अपराधों की रोकथाम, छानबीन और पहचान करना तथा निष्पक्ष सुनवाई का अधिकार शामिल है; और
- ऐसा कोई कार्य, भूल-चूक या आचरण, जिसमें एक अपराध शामिल है।

### *मैं सुरक्षित खुलासा कैसे कर सकता/सकती हूँ?*

सुरक्षित खुलासा करने के लिए आपको इस नीति में Woolworths द्वारा बताए गए तरीके से जानकारी का खुलासा करना होगा।

सुरक्षित प्रकटीकरण अधिनियम के प्रयोजनों के लिए निम्नलिखित व्यक्तियों को Woolworths न्यू ज़ीलैंड के प्रमुख सुरक्षित खुलासा प्राप्तकर्ताओं के रूप में नियुक्त किया गया है:

| पद | नाम | ईमेल | फ़ोन |
|---|---|---|---|
| सामान्य सलाहकार (General Counsel), Woolworths न्यूज़ीलैंड | जेम्स रैडक्लिफ़ (James Radcliffe) | PD4GENC@countdown.co.nz | 0800 PD4GENC (0800 734436) |
| महाप्रबंधक (General Manager), मानव संसाधन, Woolworths न्यूज़ीलैंड | पॉलीन डि'यूनियनविल (Pauline d'Unienville) | PD4GMHR@countdown.co.nz | 0800 PD4GMHR (0800 734464) |

अगर आपने न्यूज़ीलैंड में जानकारी का सुरक्षित खुलासा किया है, तो आपके लिए इस नीति में आपूर्तिकर्ता Speak Up रिपोर्ट के बारे में उल्लेखित संरक्षण और साथ ही निम्नलिखित अतिरिक्त कानूनी सुरक्षाएँ भी लागू होंगी:

1. व्यक्तिगत शिकायत

सुरक्षित खुलासा करने पर NZ कानून आपको प्रतिशोधात्मक कार्रवाई से संरक्षण प्रदान करता है, उदाहरण के लिए नौकरी से निकाला जाना।

2. दीवानी और आपराधिक कार्रवाइयों से बचाव

सुरक्षित खुलासा करने पर NZ कानून प्रकटीकरण के कारण के संबंध में आपके विरुद्ध की जाने वाली दीवानी, आपराधिक या अनुशासनात्मक कार्रवाइयों का निषेध करता है।

3. गोपनीयता

NZ कानून के अनुसार सुरक्षित खुलासों को गोपनीय रखना अनिवार्य है। ऐसे प्रत्येक व्यक्ति को, जिसके समक्ष सुरक्षित खुलासा किया जाता है या जिसे सुरक्षित प्रकटीकरण भेजा जाता है, आपकी पहचान को संभावित रूप से व्यक्त करने में सक्षम जानकारी को गुप्त रखने के लिए अपने सर्वोत्तम प्रयास करने चाहिए, जब तक:

- आप लिखित में जानकारी को प्रकट करने के लिए अपनी सहमति न दें; या
- आपकी समस्या की प्रभावी तरीके से छानबीन करने के लिए पहचान व्यक्त करने वाली जानकारी को प्रकट करना अत्यावश्यक न हो, या जनस्वास्थ्य या जनसुरक्षा या पर्यावरण को गंभीर खतरे से बचाने के लिए अनिवार्य न हो; या
- प्राकृतिक न्याय के सिद्धांतों की दृष्टि से पहचान व्यक्त करने वाली जानकारी को प्रकट करना अनिवार्य न हो।